# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (4 September 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - B)

MM: 80

Time: 3 hrs.

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव में एक लड़का रहता था। वह हमेशा खुश रहता था और दूसरों की मदद करता था। उसका नाम मोहन था। मोहन ने कभी भी किसी से कुछ नहीं छुपाया। जब भी उसके पास किसी की मदद करने का मौका आता, वह बिना सोचे-समझे मदद करता। एक दिन गाँव में एक बड़ा मेला लगा। बहुत सारे लोग वहाँ आए थे और सभी लोग खुश थे। लेकिन अचानक एक छोटा बच्चा खो गया।

बच्चे के माता-पिता बहुत घबराए हुए थे और सभी लोग उसे ढूँढने लगे। मोहन ने बच्चे को खोजने का निश्चय किया। वह मेले के हर कोने में गया, और अंत में उसने उस बच्चे को ढूँढ लिया। बच्चे की माँ को खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा और उसने मोहन को बहुत धन्यवाद कहा। मोहन मुस्कराया और बोला, "आपका धन्यवाद नहीं, मैं तो बस यही चाहता था कि यह बच्चा वापस उसके माता-पिता के पास सुरक्षित लौटे।"

**प्रश्न 1: मोहन किस गुण के लिए प्रसिद्ध था?**

1) वह बहुत अमीर था 2) वह हमेशा खुश रहता था और दूसरों की मदद करता था

3) वह बहुत तेज दौड़ता था 4) वह बहुत बुद्धिमान था

**प्रश्न 2: मेले में क्या हुआ था?**

1) एक बच्चा खो गया था 2) लोग आपस में लड़ रहे थे

3) एक नया खेल शुरू हुआ था। 4) वहाँ बारिश हो रही थी

**प्रश्न 3: मोहन ने बच्चा कहाँ ढूँढा?**

1) खेल के मैदान में 2) मेले के हर कोने में 3) उसके घर में 4) नदी के किनारे

**प्रश्न 4: मोहन ने बच्चा मिलने पर क्या कहा?**

1) "यह बच्चा बहुत शरारती है।"

2) "आपका धन्यवाद नहीं, मैं तो बस यही चाहता था कि यह बच्चा सुरक्षित लौटे।"

3) "अब मैं इसे घर लेकर जाऊँगा।"

4) "मुझे इसे बहुत ढूँढना पड़ा।"

**प्रश्न 5: मोहन का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

1) बच्चा खोने के बाद मेला छोड़ देना 2) बच्चे को ढूँढना और सुरक्षित उसके माता-पिता के प

3) मेले में सारा समय खेलना 4) मेला देखने जाना

Scanned with OKEN Scanner

## (भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-** (4)

(i)क) शब्द किसे कहते हैं?

ख) तद्भव शब्द छाँटकर लिखें: अंधकार, कान, सर्प, पोता

ग) 'चित्र' शब्द का वर्ण-विच्छेद करें

घ) द्वित्व व्यंजन के दो उदाहरण लिखें।

**(ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें:- (कोई 4)** (2)

अंधकार, एकता, बंधन, शांति, उपकार

**(iii) दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें:-** कर, जड़ (2)

**(iv) अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद का नाम लिखें:-** (2)

क) आप सभी जल्दी घर जा सकते है।

ख) वह हमारे साथ लाल किला देखने नहीं गया था।

**(v) रेखांकित अंशों के कारक बताइए:-** (2)

क) राम के <u>हाथ से</u> बोतल गिर गई।

ख) पक्षी <u>आकाश में</u> उड़ रहे है।

**(vi) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें:-** (3)

क) गायों के रहने का स्थान

ख) जो कानून के विरूद्ध हो

ग) जिसकी कीमत बहुत अधिक हो

**(vii)क) संधि करें :-** (2+1)

परम + ऐक्य, महा + उत्सव, वार्ता + आलाप, सु + उक्ति

**ख) संधि विच्छेद करें :-** सिंधूर्मि

**(vii) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें:- (कोई 3)** (3)

अग्नि, आम, जग, घोड़ा

**(ix)क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारो लिखें:-** (2+1)

1) बाल गंगाधर तिलक ने कहा था स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है

2) नहीं अब मै किसी की बात नहीं सुनूँगा

**ख) वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह का नाम लिखें:-**

आम, अनार, सेब आदि फल मुझे पसंद है।

(x)क) दो-दो उपसर्ग लिखें:- हम, भर (2+1)

ख) उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करें:- बेरोज़गार

B-2

Scanned with OKEN Scanner

(xi)क) समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखें:- (2+1)

चाय या कॉफी, आराम के लिए कुरसी

ख) समास विग्रह करें :- चतुर्भुज

(xii) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखें:- (3)

क) आप कहाँ जा रहें है?

ख) यह मेरी साइकिल है।

ग) कोई दरवाजा खटखटा रहा है।

(xiii)क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद बताएँ:- (2+1)

1) लाखों लोगों ने शिविर में भाग लिया।

2) उनके पास दो किलो चीनी है।

ख) कोष्ठक में दिए गए शब्द से सही विशेषण शब्द बनाकर रिक्त स्थान भरें:-

1) यह दफ्तर ......... मंजिल पर है। (पाँच)

2) कुत्ता एक ................ पशु है। (पालना)

(xiv)क) मुहावरों के उनके अर्थ से सही मिलान करें:- (2+1)

| | |
|---|---|
| 1) अंगारे उगलना | क) पूरी तरह तैयार रहना |
| 2) कमर कसना | ख) गुस्से में बुरा-भला कहना |
| 3) चकमा देना | ग) पीछे पड़ जाना |
| 4) सिर पर सवार होना | घ) धोखा देना |

ख) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाए:-

नाक-भौं चढ़ाना

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

प्र3क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखें: (2)

अमर, सीना, लाचार, पर, रहस्य, प्रमाण

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (3)

व्यथा, सबील, हौसला, सायरन

प्र4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें- (4×1=4)

क) कवि ने किस प्रकार की जीवन शैली की बात की है?

ख) ऐप का नाम 'जीवन रक्षक' ही क्यों रखा?

ग) हामिद ने मेले में से क्या खरीदा और क्यों खरीदा?

घ) नीलकंठ और राधा का नामकरण किस आधार पर हुआ?

ङ) एंबुलेंस का मुख्य रूप से क्या काम होता है?

B-8

Scanned with OKEN Scanner

प्र5.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दें-(3×2=6)

क) कविता के अंत में कवि ने जो 'नवजीवन का विहान' लाने की बात कही है, वह आज के समाज के संदर्भ में कितना प्रासंगिक है?

ख) आस्था ने अपने ऐप के निर्माण के लिए सरिता मैडम की ही मदद क्यों ली? कारण बताइए।

ग) 'ईदगाह' कहानी के मुख्य संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

घ) नीलकंठ ने छोटे खरगोश को साँप से बचाने के लिए क्या कदम उठाया तथा क्या वह तर्कसंगत था और क्यों?

प्र6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (3)

रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों के बाद ईद आई। गाँव में कितनी हलचल थी। गाँव के बड़े-बूढ़े और बच्चे सब ईदगाह जाने की तैयारियों में जुटे थे। कोई तरह-तरह की सेवइयाँ बनाने में लगा था, कोई अपने नए कपड़े सिल रहा था, तो कोई जल्दी-जल्दी खेत का काम खत्म कर रहा था।

ईदगाह का मेला गाँव से तीन कोस की दूरी पर लगता था, जहाँ लोगों को पैदल ही जाना पड़ता था। ईदगार जाने के लिए सबसे ज्यादा खुशी लड़कों के चेहरे पर नज़र आ रही थी। भले ही किसी ने एक रोज़ा न रखा हो लेकिन ईदगाह जाने की खुशी उनके हिस्से की चीज़ थी। रोज़े बड़े-बूढ़ों के लिए होंगे, उनके लिए तो ईद थी। रोज़ ईद का नाम रटते थे, आज वह आ गई। अब जल्दी पड़ी थी कि लोग ईदगाह क्यों नहीं चलते! बार-बार जेब से अपना खज़ाना निकालकर गिनते और खुश होकर फिर रख लेते।

क) ईद त्योहार पर बनने वाली प्रमुख मिठाई का नाम लिखें।
1) सेवइयाँ 2) लड्डू 3) रसगुल्ले 4) रसमलाई

ख) आप अपने किसी भी त्योहार को मनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं?
1) नए कपड़े सिलवाते है 2) पूरा दिन आराम करते है
3) पुस्तकें खरीदतें है 4) मोबाइल देखते है

ग) ईदगाह कहानी का मुख्य संदेश क्या है?
1) खुद के लिए ज्यादा वस्तुएँ खरीदना 2) परिवार व रिश्तें की अहमियत
3) हमेशा अपनी इच्छाओं को पूरा करना 4) सभी

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

देशप्रेम

अथवा

मै पेड़ हूँ

B4

Scanned with OKEN Scanner

प्र8. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें। (5)

पटाखा मुक्त दीपावली मनाने की सीख देते हुए किसी दूसरे नगर में रहने वाले अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप स्कूल द्वारा आयोजित किसी पर्वतीय स्थल की सैर करके लौटे हैं। आपको वह जगह बेहद पसंद आई है। इसके बारे में बताते हुए अपनी दीदी को पत्र लिखें।


प्र9. किसी एक विषय पर संवाद लिखिए। (5)

स्कूल से आकर अपना सामान इधर-उधर फेंकने वाले बच्चे और माँ के बीच संवाद लिखें।

**अथवा**

गरमी के दिनों में बिजली कटौती से परेशान दो छात्रों की बातचीत पर आधारित संवाद लिखें।

प्र10. निम्नलिखित चित्र को देखकर उनका वर्णन 50-60 शब्दों में कीजिए। (3)



B-5